तमिलनाडु का नमक्कल ज़िला जल प्रबंधन में उत्कृष्ट

हाल ही में **भारत के तमिलनाडु में नमक्कल ज़िले**, जिसकी आबादी 1.7 मिलियन है, **ने जल की कमी से निपटने में** उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

- इस ज़िले ने जल संरक्षण और प्रबंधन के लिये रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाकर **भू-जल उपलब्धता** में महत्त्वपूर्ण सुधार किया है, जिससे यह केंद्रीय जल **शक्ति मंत्रालय की वार्षिक रैंकिंग के** अनुसार, वर्ष 2022 के लिये संरक्षण और प्रबंधन श्रेणी में भारत का दूसरा**सबसे उत्कृष्ट ज़िला घोषित** किया गया है।

नमक्कल ज़िले के जल प्रबंधन की सफलता का कारण:

- **व्यापक दृष्टिकोण**: नमक्कल ने **सामुदायिक भागीदारी, वर्षा** जल संचयन, नदी कायाकल्प और **नहर से गाद निकालने सहित एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया।**
- **बुनियादी ढाँचे का आधुनिकीकरण:** ज़िले ने जल आपूर्ति नेटवर्क की निगरानी व नियंत्रण एवं रिसाव को कम करने के साथ ही**जल वितरण को अनुकूलित करने के लिये** उन्नत तकनीकों को शामिल करते हुए जल बुनियादी ढाँचे को उन्नत किया है।
    - ज़िले ने **चेक डैम के साथ-साथ तालाबों का निर्माण करके अपनी छोटी नदी का कायाकल्प** किया, जिससे सतही जल की उपलब्धता में सुधार हुआ, साथ ही सतही जल की गुणवत्ता में सुधर कर इसे पीने योग्य बनाया।
- **कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाएँ:** नमक्कल ने भू-जल के पुनर्भरण के लिये कई कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं, जैसे-**तालाब, पुनर्भरण शाफ्ट तथा चेक डैम** का निर्माण किया है।
- **सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता:** जागरूकता अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों के साथ-साथ निवासियों की सक्रिय भागीदारी ने जल संरक्षण संस्कृति को बढ़ावा दिया।

नमक्कल जल प्रबंधन प्रयासों के परिणाम:

- नमक्कल ज़िले ने अपनी भूजल उपलब्धता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। 116 खोदे गए कुओं में**औसत जल स्तर जनवरी 2019 के 11.48 mbgl से सुधरकर जनवरी 2022 में 6 mbgl** हो गया।
- नमक्कल ज़िले में जल की खपत और बर्बादी को भी कम किया गया है। इस ज़िले ने**बागवानी तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिये घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग** सुनिश्चित किया है।

नमक्कल जल प्रबंधन की सफलता का महत्त्व:

- जल संरक्षण के लिये **कुशल वर्षा जल संचयन प्रणाली** लागू करना।
- **प्राकृतिक जल निकायों की बहाली** तथा प्रदूषण एवं अतिक्रमण से निपटने को प्राथमिकता देना।
- **निगरानी, रिसाव का पता लगाने** और जल के कुशल वितरण के लिये **उन्नत तकनीकों** का उपयोग करना।
- शिक्षा और सहयोगात्मक पहलों के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता तथा भागीदारी को बढ़ावा देना।

स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tamil-nadu-s-namakkal-district-excels-in-water-management